







# विंध्य को फिर मिली सौगात, रीवा से कोलकाता-भोपाल के लिए हवाई सेवा

## 28 को भरेगी उड़ान, भोपाल और कोलकाता जाना होगा आसान, डिप्टी सीएम बोले व्यापार-पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, रीवा एवं विंध्य क्षेत्र के लोगो को जल्द ही एक नई सौगात मिलने जा रही है. दिल्ली, इंदौर, रायपुर के बाद अब कोलकाता-भोपाल के लिये 72 सीटर विमान सेवा शुरू होने जा रही है. 28 जुलाई को पहली उड़ान भरेगी. बड़े कम समय में रीवा एयरपोर्ट से महानगरों के लिये हवाई सेवाएं शुरू हो रही है. निश्चित रूप से व्यापार, उद्योग एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा.**

गौरतलब है कि रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण के बाद लगातार रीवा से उड़ाने शुरू हो रही है.




वर्तमान समय में रीवा से दिल्ली, इंदौर और रायपुर के लिये 72 सीटर विमान नियमित रूप से संचालित हो रहे है. यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए भोपाल और कोलकाता के लिये भी उड़ाने शुरू हो रही है. रीवा-कोलकाता और भोपाल से सीधे जुड़ जाएगा. रीवा से भोपाल और कोलकाता के लिये उड़ान शुरू करने की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है. कम समय में रीवा एयरपोर्ट से कई महानगरों को जोड़ने के लिये हवाई यात्राएं शुरू हुई है. निश्चित रूप से यह एक बड़ी उपलब्धि है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट से लगातार नई उड़ाने शुरू करने के प्रयास किये जा रहे है.

इसी कड़ी में अब कोलकाता के लिये विमान शुरू हो रहा है. इससे रीवा, भोपाल और कोलकाता के बीच हवाई सम्पर्क मजबूत होगा. श्री शुक्ल ने कहा कि नई उड़ान से व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा. कम समय में कई उड़ाने शुरू हो सके, अन्य महानगरों से भी जोड़ने की तैयारी है.

### 10 नवम्बर को दिल्ली के लिए भरी थी उड़ान

रीवा एयरपोर्ट से पहली 72 सीटर नियमित उड़ान 10 नवम्बर 2025 को दिल्ली के लिये शुरू हुई थी, रीवा सीधे राजधानी दिल्ली से जुड़ा. जिसका लाभ व्यापार, छात्र एवं मरीजों को मिल रहा है. इसी तरह 22 दिसम्बर 2025 को रीवा सीधे इंदौर से जुड़ गया. दरअसल दिल्ली विमान सेवा शुरू होने के बाद सकरात्मक परिणाम मिलने के बाद रीवा से इंदौर के लिये 72 सीटर हवाई सेवा शुरू हुई. निश्चित रूप से प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से रीवा जुड़ने के बाद क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिला है. रीवा एयरपोर्ट से तीसरी उड़ान 17 मार्च 2026 को रायपुर के लिये शुरू हुई. रीवा से रायपुर के लिये 32 सीटर नियमित विमान शुरू हुई. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच सीधा सम्पर्क हो सका. लगातार यात्री हवाई सेवा का लाभ ले रहे है और यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है. उम्मीद से ज्यादा यात्री हवाई सेवा का लाभ लेने आ रहे है.

# आधुनिक कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट का लोकार्पण

## उप मुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस की इस यूनिट को किया जनता को समर्पित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भारतीय रेडक्रास समिति में आधुनिक कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट का लोकार्पण किया. उप मुख्यमंत्री ने ब्लड सेपरेशन यूनिट का लोकार्पण करने के साथ तीन दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए.**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रेडक्रास समिति ने सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके रीवा का नाम रोशन किया है. समिति में कृत्रिम अंग निर्माण की आधुनिकतम उपकरणों से सज्जित कम्प्यूटराइज्ड यूनिट का शुभारंभ किया गया है. इससे अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को सटीक माप के कृत्रिम अंग प्राप्त होंगे. इस यूनिट से रीवा संभाग ही नहीं सागर संभाग, जबलपुर संभाग तथा पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के समीपवर्ती जिलों के दिव्यांगों को भी कृत्रिम अंग की सुविधा मिलेगी. जिस कार्य के लिए दिव्यांगों दिल्ली, मुम्बई, जयपुर जैसे शहरों को जाना पड़ता था वह सुविधा अब रीवा शहर में उपलब्ध हो गई है. दिव्यांगों के कल्याण के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है. उप मुख्यमंत्री ने समारोह में कृत्रिम अंग बनाने वाले इंजीनियर गौरव गुप्ता, सहायक गौरव सिंह तथा सुरेन्द्र बढ़ई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक अंग निर्माण यूनिट से रीवा कृत्रिम अंग निर्माण का केन्द्र बनेगा. रेडक्रास समिति ने गरीबों और पीड़ितों की सेवा में सदैव उत्कृष्ट कार्य किया है. कोरोना के संकटकाल में समिति के सदस्यों ने समाजसेवियों के साथ मिलकर जान हथेली में रखकर गरीबों को घर-घर जाकर नि:शुल्क अनाज का वितरण किया था. समिति में ब्लड सेपरेशन यूनिट का भी लोकार्पण किया गया है. इस सुविधा से एक यूनिट रक्त का उपयोग तीन रोगियों की जान बचाने में किया जा सकता है. समारोह में रेडक्रास समिति के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि समिति पीड़ितों की सेवा के लिए लगातार प्रयास कर रही है. उप मुख्यमंत्री के विशेष सहयोग से समिति को आधुनिक भवन, कृत्रिम अंग बनाने की यूनिट तथा अन्य सुविधाएं मिली हैं. समिति को पिछले तीन वर्षों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए महामहिम राज्यपाल से प्रशस्ति पत्र हुए हैं.



रेडक्रास समिति की रक्तदान इकाई ने प्रथम दिन डॉ. शिवेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. महादेवी चतुर्वेदी एवं सुवर्णा चतुर्वेदी ने रक्तदान करके मानवता की सेवा में योगदान दिया. समारोह में भारतीय रेडक्रास समिति के उपाध्यक्ष जयंत खन्ना तथा एके खान, सचिव राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, डॉ. विनोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, पूर्व डीआईजी डीपी सिंह, श्रीमती ममता सिंह, प्रदीप गौतम सुमन, रामायण गौतम, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा तथा समिति के पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे.

# जिला रोजगार मेले में 820 आवेदकों को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज आफ टेक्नोलाजी यूनिवर्सिटी रोड रीवा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया.**

रोजगार मेले में 1217 आवेदकों का पंजीयन किया गया जिसमें 820 आवेदकों का प्रारंभिक चयन हुआ. उप संचालक रोजगार ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स अहमदाबाद गुजरात के लिए 60, एमआरएफ टायर्स गुजरात के लिए 25, टाटा आटोलाइन गुजरात के लिए 05, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा के लिए 77, यूनो मिंडा ईवी सीस्टम गुरूग्राम हरियाणा के लिए 20, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस रीवा के लिए 53, देखभाल रीवा के लिए 50, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा के लिए 27, सीआईआई एमसीसी इंदौर के लिए 50, विजन इंडियो लि. रीवा के लिए 53, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार के लिए 52, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर के लिए 33, बजाज लाईफ इंश्योरेन्स रीवा के लिए 32, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. पूणे के लिए 25, फोर्स मोटर प्रा. लि. पीथमपुर धार के लिए 45, फिएट मोटर प्रा. लि. पूणे के लिए 09, भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए 04, केवी हयूमन रिसोर्सेज सर्विस प्रा. लि. रीवा के लिए 45, वेयर हाउस फ्लिप कार्ट, ब्लंकिट, स्वीगी के लिए 60, आमधनी वारसुनी प्रा. लि. गुजरात के लिए 23, आमधनी अपोलो टायर्स प्रा. लि. गुजरात के लिए 16 युवाओं को रोजगार मिला है.

## मां कालिका के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

रीवा, 15 जुलाई, अषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि बुधवार से शुरू हुई है. 9 दिन तक चलने वाले इस विशेष शक्ति पर्व के पहले दिन शहर के रानी तालाब स्थित माँ कालिका के दर्शन के लिये भक्तो की भीड़ उमड़ी. सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का ताता लगा रहा. मंदिर में भक्तगण पहुंचकर शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना की.

## संक्षिप्त

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आज आएंगे




**रीवा**. पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार आज 16 जुलाई को रीवा आगमन पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा 10 बजे चन्द्रलोक होटल के पास बाईपास चोरहटा, 10:15 पर गोड़हर मोड़, 10:30 बजे जेपी गेट पर स्वागत किया जायेगा. 11 बजे भाजपा कार्यालय अटल कुंज में कार्यकर्ता सम्मेलन संबोधित करेंगे. पिछड़ावर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव राजेश ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता महिला शक्यिों से आग्रह किया है कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनायें.

### बैंकों में आज लगेंगे स्वरोजगार शिविर

**रीवा**. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के आवेदनपत्रों के निराकरण के लिए 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक स्वरोजगार शिविर लगाये जा रहे हैं. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की विशेष पहल पर रीवा जिले के यूनियन बैंक तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया की सभी शाखाओं में 16 जुलाई को शिविर लगेंगे. इस संबंध में जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि शिविर में स्वरोजगार योजनाओं के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा. अग्रणी बैंक प्रबंधक सभी शाखा प्रबंधकों को शिविरों में उपस्थित रहने के लिए निर्देश दें. इन दोनों योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार सितंबर माह तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति की जायेगी.

### कमिश्नर आज करेंगे समीक्षा

**रीवा**. रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से नगर निगम सभागार रीवा में आयोजित बैठक में नगरीय विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे. बैठक में अमृत-2 योजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, कायाकल्प योजना, संबल योजना, मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा की जाएगी. बैठक में अमृत हरित महाअभियान, राजस्व वसूली, पीएम स्वनिधि योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी. संयुक्त आयुक्त वीरेन्द्र पटेल ने आयुक्त नगर निगम, संयुक्त संचालक नगरीय विकास तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### गुढ़ में डीजल लोड कार गौवंश से टकराकर पलटी

**रीवा**. गुढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-39 पर अचानक एक गौवंश से कार की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. घटना के संबंध में बताया गया कि कुड़ियां निवासी बृजेश कुमार साहू अपनी कार से कई प्लास्टिक के डिब्बो में डीजल लेने गुढ़ आए थे. डीजल भरवाने के बाद जब वह नेशनल हाईवे-39 से गुजर रहे थे, तभी उनकी कार अचानक एक गौवंश से टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. हादसे में वाहन चालक बृजेश कुमार साहू घायल हो गए, जबकि एक गौवंश की मौके पर ही मृत्यु हो गई. घटना की सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. पुलिस ने घायल चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है.

### कमिश्नर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा**.रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण विभाग एवं पीआईयू के एक करोड़ एवं 50 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा की. कमिश्नर ने सभी निर्माण विभाग के मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया कि वन भूमि पर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होने वाले स्थलों में वन मण्डलाधिकारी के साथ समन्वय कर वन भूमि पर सड़क निर्माण कार्य की बाधा को प्राथमिकता से दूर करें. कमिश्नर ने स्वयं संबंधित वन मण्डलाधिकारियों से ऑनलाइन चर्चा और अनुमति संबंधी बाधा दूर करने के निर्देश दिए. सभी अधिकारी वन विभाग की एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें. जिन स्थानों पर सड़क निर्माण करने में या भवन निर्माण करने में अतिक्रमण की बाधा उत्पन्न हो रही है वहां पर बेहतर समन्वय कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी प्राथमिकता से करें.



# नेत्रहीन एवं मूकबधिर विद्यालय समाज के लिए प्रेरणा का केन्द्र हैं : अजय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, नगर पालिक निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 44 स्थित नेत्रहीन विद्यालय एवं मूक-बधिर विद्यालय में निर्मित नवीन सभागार का लोकार्पण महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की उपस्थिति में संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य एवं पार्षद श्रीमती नजमा बेगम ने फीता काटकर तथा विद्यालय के अधीक्षक शंकर प्रसाद मिश्रा ने नारियल फोड़कर नवीन सभागार का शुभारंभ किया. इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कहा कि नेत्रहीन एवं मूक-बधिर विद्यालय समाज के लिए प्रेरणा के केंद्र हैं और नगर निगम इनके विकास एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए सदैव प्रतिबद्ध है.

उन्होंने कहा कि श्री शास्त्री जी के संकल्प से स्थापित संभाग का यह अनूठा संस्थान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिस पर पूरे शहर को गर्व है. नगर निगम इन विद्यालयों के रखरखाव, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा अन्य आवश्यक कार्यों में हर संभव सहयोग करता रहेगा. इसके साथ ही महापौर ने कार्यपालन यंत्री को दोनों विद्यालयों के भवनों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए.

विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. विद्यालय समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने महापौर एवं नगर निगम द्वारा विद्यालय के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के प्रति संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया.

लोकार्पण समारोह में एमआईसी सदस्य एवं पार्षद रवि तिवारी, विद्यालय समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, अभिनव चतुर्वेदी, प्राचार्य राम उदय तिवारी, पूर्व प्राचार्य ददोली प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे.

# लक्ष्मणबाग से आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, लक्ष्मणबाग संस्थान से गुरूवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकलेगी और जगह-जगह रथ यात्रा का स्वागत होगा. मानस भवन में भगवान जगन्नाथ रात्रि विश्राम करेगें और उसके दूसरे दिन पूजा अर्चना के बाद भंडारा होगा.**



रथ यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है, विशेष पूजा अर्चना के बाद लक्ष्मणबाग से रथ यात्रा रवाना होगी. उसके बाद किला पहुंचेगी, जहा पूजा अर्चना की जाएगी. इसके बाद फोर्ट रोड़ होते हुए घोड़ा चौराहा रथ यात्रा पहुंचेगी, जहा पर स्वागत किया जायेगा. भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ में सवार होकर निकलेगी. जगह-जगह शहर में स्वागत की तैयारी की गई है.

### रथ यात्रा का विंध्य व्यापारी महासंघ करेगा स्वागत

विंध्य व्यापारी महासंघ श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा का स्वागत करेगा. आयोजन का मुख्य कार्यक्रम स्टैचू चौक पर रखा गया है. महाआरती में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी के स्वागत के साथ प्रसाद वितरण भी किया जाएगा. प्रसाद में कड़ी भात, फल और दूध से बना मिश्राम्बु शरबत शामिल है. साथ ही आज विंध्य व्यापारी महासंघ का स्थापना दिवस भी मनाया जाएगा. विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

# 4 माह बाद भी युवक का नहीं चला पता

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, चार माह पहले घर से काम के लिए निकले युवक का आज तक पता नहीं चला है.**

लापता अपने बेटे की तलाश के लिए न केवल दर-दर भटक रही है बल्कि उसने पुलिस व समाज से भी पुत्र को तलाशने की अपील की है. इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चोरहटा थाना के ग्राम भिटवा निवासी शांति साकेत पत्नी नंदलाल 55 वर्ष का 21 वर्षी पुत्र अशोक साकेत 10 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 11:00 बजे यह कहकर घर से निकला था कि वह टेंट के काम के लिए रीवा जा रहा है. इसके बाद वह घर वापस नहीं आया. एक-दो दिन इंतजार के बाद मां ने रिश्तेदारों के यहां पता करना शुरू किया. लेकिन कहीं भी उसकी जानकारी नहीं मिली, इसके बाद उसने अपने पुत्र अशोक साकेत के लापता होने के संबंध में 12 जून 2026 को चोरहटा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर 17 को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 0 से 18 वर्ष के जन्मजात ह्यदय रोग से पीड़ित बच्चों का उपचार और नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जिला अस्पताल बिछिया रीवा में 17 जुलाई 2026 को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ऐसे बच्चे जो जन्मजात ह्यदय रोग से पीड़ित हैं, उनका उपचार आरबीएसके अन्तर्गत मुख्यमंत्री बाल ह्यदय उपचार योजना अन्तर्गत नि:शुल्क होगा. कोई भी हितग्राही शिविर में इस योजना का लाभ उठा सकते है व उपचार करा सकते हैं.

जन्मजात ह्यदय रोग को पहचानने के संभावित लक्षण सीने में दर्द होना, होठ एवं नाखून का नीला पड़ना, वजन नही बढना, तेज सांस चलना सांस लेने में तकलीफ एवं सांस फूलना, खेलते कूदते अथवा सीढी चढ़ते हांफने लगना का परीक्षण किया जायेगा.

# शहर में पुलिस ने निकाली जन जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ पुलिस कंट्रोल रूम से हुआ. पुलिस अधीक्षक डा. गुरकरन सिंह ने जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**




रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता का संदेश दिया. इस दौरान नागरिकों को नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा अवैध मादक पदार्थों के सेवन, बिक्री एवं तस्करी की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया. रैली के दौरान समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से नशे के दुषपरिणामों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहनें का संदेश दिया गया. पुलिस अधीक्षक रीवा ने कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने का जनआंदोलन है. युवाओं को नशे जैसी बुराई से बचाकर शिक्षा, खेल, रोजगार एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. रैली के दौरान नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई. साथ ही जनता से अपील की गई कि कहीं भी नशे का अवैध कारोबार हो, तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें. इस दौरान एएसपी संदीप मिश्रा सहित सीएसपी-थाना प्रभारी मौजूद रहे.

# फिल्टर प्लांट बंद होने से दर्जन भर मोहल्लों की ठप रही पेयजल आपूर्ति

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, कुठुलिया फिल्टर प्लांट बंद करने से दर्जन भर मोहल्लों की पेयजल सप्लाई ठप्प रही. मरम्मत कार्य पाइप लाइन का चल रहा है. गुरूवार सप्लाई शुरू होने की उम्मीद है.**

सीवरेज कार्य के अंतर्गत पीटीएस रोड में ट्रेंच में हार्ड रॉक ब्रेकिंग के दौरान मिट्टी धंसने से समीप स्थित 450 मि.मी. व्यास की डी.आई. वॉटर राइजिंग लाइन मिट्टी सहित नीचे धंसकर क्षतिग्रस्त हो गई. लाइन में जल प्रवाह चालू होने के कारण तत्काल वाल्व बंद कराया गया, किंतु वाल्व में रिसाव होने से ट्रेंच में लगातार पानी भरता रहा. पंप लगाने के बावजूद जल निकासी संभव न होने पर विगत रात्रि 9 बजे कुठौलिया प्लांट बंद कराना पड़ा. प्लांट बंद होने के उपरांत ट्रेंच से पानी निकाल लिया गया है तथा सीवर हेतु हार्ड रॉक ब्रेकिंग का कार्य पुन: प्रारंभ कर दिया गया है.

सीवर पाइप डालने एवं बैकफिलिंग के पश्चात ही वॉटर राइजिंग लाइन को पुन: जोड़ा जा सकेगा. उक्त कारण से कुठौलिया प्लांट से भरने वाली टंकियों कुठुलिया, कोठी, हॉस्पिटल, पीटीएस, समान, रतहरा, नेहरू नगर, पड़रा, पद्मधर, शांति विहार, दीनदयाल एवं विंध्य बिहार से आज प्रात: पेयजल आपूर्ति बाधित रही तथा आज सायंकाल भी इन क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहेगी. मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है. लाइन जुड़ते ही कल सुबह जलापूर्ति सामान्य कर दी जाएगी.

# सामान्य से 56 प्रतिशत कम हुई जिले में बारिश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जुलाई, जिले में पिछले कई दिनों से बारिश नही हो रही है. किसान धान के रोपा को लेकर परेशान है. अब तक सामान्य से 56 प्रतिशत कम वर्षा हुई है. बुधवार को केवल बूंदाबांदी हुई है.**

जिले में एक जून से अब तक 97.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. इस अवधि में तहसील हुजूर में 119.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 103.5 मिली मीटर, गुढ़ में 209 मिली मीटर, सिरमौर में 74.2 मिली मीटर, त्योंथर में 20 मिली मीटर, सेमरिया में 123 मिली मीटर, मनगवां में 49 मिली मीटर तथा तहसील जवा में 84 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई.

गत वर्ष इस अवधि में 290.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.